# वाणिज्य–संकाय
(वार्षिक रिपोर्ट 2020–21)

महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग की स्थापना सत्र 2017–18 में हुई है । सत्र 2020–21 में बी.कॉम. प्रथम वर्ष में कुल 79 एवं द्वितीय वर्ष में कुल 63 एवं बी.कॉम. तृतीय में कुल 47 छात्र–छात्राएँ अध्ययनरत रहे । वाणिज्य संकाय में सहायक प्राध्यापक के कुल 3 स्वीकृत पदों पर नियमित सहायक प्राध्यापक नियुक्त हैं । सत्र 2020–21 कोविड –19 से प्रभावित रहा एवं वर्चुअल माध्यम से छात्र–छात्राओं हेतु कार्यक्रम आयोजित किये गये । वाणिज्य संकाय की गतिविधियां संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत हैं–

- वाणिज्य विभाग में सत्र 2019–20 से सीट संख्या में वृद्धि के साथ 80 हो गई है।
- सत्र का प्रारंभ नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम दिनांक 10.11.2020 को आनलॉइन माध्यम से आयोजित किये जाने के साथ हुआ।
- छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित पावरपाइंट प्रेजेन्टेशन तैयार किया गया। साथ ही विभाग स्तर पर सहायक प्राध्यापकों द्वारा छात्र–छात्राओं हेतु विषय से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया।
- विभाग द्वारा तीन दिवसीय अकादमिक गतिविधियों के अंतर्गत दिनांक 13.01.2021 को व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर मार्गदर्शन विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया । मोटिवेशनल स्पीकर श्री रूपेश दुबे द्वारा विषय के विभिन्न आयामों पर चर्चा की । व्याख्यान में 100 से अधिक छात्र–छात्राएं लाभान्वित हुए।
- जी.एस.टी. के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 04.03.2021 को ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विषय से संबंधित उपयोगी एवं महत्वपूर्ण जानकारी डॉ. गौरव शर्मा द्वारा प्रदान की गई एवं छात्र–छात्राओं के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। व्याख्यान में 100 से अधिक छात्र–छात्राओं द्वारा अपनी सहभागिता प्रदान की गई ।
- वाणिज्य संकाय की सहायक प्राध्यापक डॉ सुनीता दुबे द्वारा रेडक्रॉस प्रभारी के रूप में महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया ।
- वाणिज्य संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार सिंह ने एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।
- वाणिज्य विभाग एवं महिला समिति द्वारा संयुक्त रूप से "महिला सुरक्षा कानूनी प्रावधान" विषय पर दिनांक 08 मार्च 2021 को ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ प्रिया राव द्वारा छात्राओं को महिलाओं से संबंधित

Scanned with CamScanner

विभिन्न कानूनी पहलुओं पर विस्तार से बताया। 100 से अधिक छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रही जिनके प्रश्नों का समाधान भी किया गया ।

- विभाग द्वारा दिनांक 15 से 17 मार्च 2021 तक तीन दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अमित कुमार तिवारी, श्री रेणु कुमार यादव, श्री धवल गुप्ता द्वारा विषय से संबंधित उपयोगी एवं आधारभूत जानकारी छात्र–छात्राओं को प्रदान की गई तथा छात्र–छात्राओं के प्रश्नों का समाधान भी किया गया ।
- विभाग द्वारा दिनांक 08.06.2021 को "कोविड–19 के दौर में ई–कामर्स का छोटे व्यवसाय पर प्रभाव" विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शैलेन्द्र कुमार भारल, प्रोफेसर, गवर्नमेंट कालिदास गर्ल्स पी.जी. कालेज, उज्जैन मध्यप्रदेश एवं डॉ. शोभित कुमार बाजपेयी, प्रोफेसर वाणिज्य विभाग राजीव गांधी गवर्नमेंट पी.जी. कालेज अंबिकापुर छत्तीसगढ़ ने विषय से संबंधित उपयोगी एवं महत्वपूर्ण जानकारी को बहुत ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया । वेबिनार में विभिन्न राज्यों के साथ ही सउदी अरब और बांग्लादेश सहित लगभग 360 प्रतिभागी पंजीकृत हुए तथा ऑनलाइन माध्यम से इस वेबिनार से लाभान्वित हुए।
- वाणिज्य में स्नातकोत्तर कक्षाओं को स्ववित्तीय योजनातंर्गत प्रारंभ किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है ।

1. डॉ. सुनीता दुबे, सहा.प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष,
2. डॉ. संजय सिंह, सहा. प्राध्यापक
3. सुश्री अदिती भगत, सहा. प्राध्यापक

प्राचार्य
शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय
धरसींवा, रायपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner